मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 42 | अंक : 92 | गुरुवार, 20 जून 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
/ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) | Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..
श्रद्धा कपूर ने राहुल के साथ कन्फर्म किया रिलेशनशिप

# कैग के आधार पर मनपा कार्रवाई करें : गंगोत्री



**■ महानगरपालिका के भ्रष्टाचार पर कैग की रिपोर्ट सार्वजनिक हो - राष्ट्रवादी कांग्रेस**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका के कारोबार में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा अनियमितताओं पर दिसंबर 2022 में महापरीक्षण संस्था कॅग ने एक रिपोर्ट बनाई है जिसमें टीडीआर स्कॅम से लेकर कई टेंडर्स पर कड़ी आपत्तियां दर्शायी गई थी उन सब रिपोर्ट को सार्वजनिक करने और उस पर खुलासा करने का पत्र राकांपा शहर जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री राजवानी ने मनपा आयुक्त को सौंपा है।

श्री गंगोत्री ने कहा कि अगर शहर विकास करना है तो मनपा में व्याप्त भ्रष्टाचार उजागर करने की आवश्यकता है और उसी भ्रष्टाचार मामले में कॅग ने दिसंबर 2022 में मनपा के खिलाफ रिपोर्ट बनाई थी जिसमें कुछ अधिकारियों का भी समावेश था उसमें टीडीआर घोटाला और कई टेंडरों पर कड़ी आपत्तियां भी दर्शायी गई थी लेकिन यह मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। कॅग रिपोर्ट में दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि मनपा को साफ सुथरी छवि के अधिकारी मिले जो शहर विकास के लिए कार्य करते हो न कि उन्हीं अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएं जो पहले से ही भ्रष्टाचार में लिप्त में है। हमने राकांपा की तरफ से मनपा आयुक्त को पत्र देकर यह जवाब मांगा है कि कॅग रिपोर्ट में कौन कौन से मामले थे और क्या आपत्तियां थी मनपा पर कॅग के अनुसार कार्रवाई क्यों नहीं की गई। अगर हमें समय पर सम्मानजनक उत्तर नहीं मिला तो हम सरकार के पास इस मामले में हस्तक्षेप करने को कहेंगे हो सका तो इस विषय पर राकांपा शहर में आंदोलन भी करेगी।

# बेघर बेबस को ठग रहे बिल्डर

## उल्हासनगर में खतरनाक इमारतों नहीं सुलझा मामला

- **नागरिकों में अब भी डर का माहौल**
- **अपने घर से बेघर लोग हुए बेबस**
- **झोलाछाप बिल्डर धोकादायक इमारत निवासियों को ठग रहे**
- **लालच देकर बिल्डर फ्लैट धारकों को फंसा रहे**



"शहर में खतरनाक इमारतों के पुनर्निर्माण के लिए सरकारी स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं. कुछ महीने पहले सरकार ने इस संबंध में जीआर जारी किया था. लेकिन चूंकि इसमें त्रुटियां हैं, इसलिए मनपा उन त्रुटियों को सरकार के सामने लाने का काम कर रही है।
**- अजीज शेख,**
मनपा आयुक्त, उल्हासनगर



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में पिछले 10 वर्षों में इमारतों के स्लैब गिरने से कई बेकसूर लोगों की जान जाने के बावजूद खतरनाक इमारत के पुनर्निर्माण के संबंध में सरकार द्वारा कोई निश्चित निर्णय नहीं लिया गया है। जिससे हजारों बेघर लोग अभी भी बेबस है और उन बेघर बेबस को लालच झोलाछाप बिल्डर ठग रहे हैं।

उल्हासनगर पर अवैध निर्माण वाले शहर का ठप्पा लग गया. इस बीच, शहर को खतरनाक इमारतों के शहर के रूप में प्रसिद्धि मिली क्योंकि इमारतों के स्लैब ढह गए, जिससे कई लोग मारे गए। खतरनाक इमारतों को लेकर सरकार ने अध्यादेश जारी किया. हालाँकि, उस अध्यादेश के तहत कितनी खतरनाक इमारतों का पुनर्निर्माण किया गया? या इससे कितना फायदा हुआ. महानगर पालिका के पास इस बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। आज भी हजारों नागरिक सैकड़ों खतरनाक इमारतों में रह रहे हैं।

खतरनाक इमारत का पुनर्निर्माण नहीं होने से नागरिक घर का इंतजार कर रहे हैं. कहा जा रहा है कि अवैध निर्माण को नियमित करने के सरकार के अध्यादेश में कई खामियां हैं.

सरकारी अध्यादेश के मुताबिक जिस भवन या मकान को महानगर पालिका ने निर्माण नियमित होने के बाद डी फॉर्म दे दिया, उस भवन या मकान का दोबारा निर्माण नहीं कराया गया। 2006 में निर्माण नियमितीकरण अध्यादेश पारित होने के बाद कुल कितने निर्माण नियमित किये गये? कितने प्रतिशत नियमित निर्माण का पुनर्निर्माण किया गया? यह एक शोध का विषय है.





मनपा ने मानसून से पहले 316 खतरनाक इमारतों की सूची प्रकाशित कर भवन मालिकों को नोटिस जारी किया था. इससे इमारत में रहने वाले नागरिकों में डर पैदा हो गया। लेकिन चूंकि उनके पास कोई वैकल्पिक जगह नहीं है, इसलिए वे इमारत खाली नहीं कर सकते। मनपा आयुक्त अजीज शेख ने खतरनाक इमारतों को गिराने का फैसला लिया है और तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू कर दी है.

## अवैध निर्माण करने वाले झोलाछाप बिल्डर फंसा रहे फ्लैट धारकों को

उल्हासनगर शहर में कुछ झोलाछाप बिल्डर पिछले दो वर्ष से सक्रिय हो गए हैं और एक बार फिर शहर को अवैध निर्माणों में तब्दील कर रहे हैं। उन्हीं धोकादायक इमारत अथवा सोसायटी के निवासियों को लालच देकर इमारत पुनर्निर्माण के लिए लेते हैं और बाद में उन फ्लैट धारकों से पैसे ऐंठ कर उन्हें पहले से भी छोटा घर देने के लिए फंसा रहे हैं। ऐसे फ्लैट धारकों से अपील की गई है कि ऐसे लालच व झोलाछाप बिल्डरों से बचे ताकि आपकी जिंदगी भर की कमाई कोई बिल्डर हड़प न कर पाएं। क्योंकि शहर में सैकड़ों की संख्या में अवैध निर्माण बन रहे हैं जिसे मनपा अनुमति भी दे रही है। यह बिल्डर शहर में एक तरह का बहुत बड़ा घोटाला कर रहे हैं जिसमें मनपा अधिकारी, आर्किटेक्ट तथा कागजात बनाने वाले भी शामिल हैं।

## बेकाबू ट्रक दुकानों में घुसी

- **कई वाहन क्षतिग्रस्त**
- **कुछ लोग घायल**
- **दो कुत्ते के बच्चों की मौत**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-2 खेमानी इलाके में कल रात करीब 1 बजे एक तेज़ रफ़्तार से आ रही बेकाबू ट्रक ने दुकानों में घुस गए और भारी नुकसान भी किया इस घटना के दौरान कोई जनहानि तो नहीं हुई लेकिन दो कुत्ते के बच्चे ट्रक ने पूरी तरह कुचल दिए। हादसे में बाहर खड़ी कारों का भी नुकसान हुआ है। कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है। कुछ दुकानों को टक्कर मार दी और कुछ दुकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया, दुकानों के शटर क्षतिग्रस्त हो गए और दुकानों के बाहर खड़ी कारें भी घायल हो गईं और कुछ लोग घायल हो गए और 2 पिल्ले भी मारे गए।

## श्रीराम टॉकीज की बाउंड्री पर अवैध निर्माण

- **मनपा प्रशासन चुप क्यों?**







**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-4 स्थित पवाई चौक श्रीराम टॉकीज की बाउंड्री पिछले माह किसी सूरज वसीटा नामक व्यक्ति ने तोड़ दी जिसकी शिकायत श्रीराम टॉकीज के मालिक गुल अच्छरा ने महानगरपालिका से की थी। लेकिन इन भूमाफियाओं की हिम्मत अब इतनी बढ़ गई है कि सूरज वसीटा व अन्यों ने श्रीराम टॉकीज की बाउंड्री पर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है।

मनपा प्रशासन ने इससे पूर्व ध्यान नहीं दिया जिस कारण इन भूमाफियाओं ने कानूनों को ताक में रखकर श्रीराम बाउंड्री पर अवैध निर्माण खड़ा कर दिया है।

प्रसिद्ध वकील श्री गुल अच्छरा ने पुलिस को भी पत्र देकर आरोपियों पर एमआरटीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज करने की मांग की है और मनपा प्रशासन को इस अवैध निर्माण को तुरंत जमीनदोज करने को कहा है।

## मनपा आयुक्त अजीज शेख द्वारा नाला सफाई का निरीक्षण



**उल्हासनगर.** शहर में नाला सफाई को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद आयुक्त अजीज शेख ने मंगलवार को नाला सफाई का निरीक्षण किया. इस समय मनपा अधिकारियों और ठेकेदारों को नाला सफाई में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं.

उल्हासनगर मनपा आयुक्त अजीज शेख ने मानसून से पहले शहर के प्रमुख नालों और सड़कों की समीक्षा की. मंगलवार को शहर के पूर्व में नेताजी चौक स्थित न्यू इंग्लिश स्कूल के पीछे के नाले, 25 सेक्शन, नूतन नगर, हीरापुरी चौक के नाले और एमएमआरडीए के तहत चल रहे सड़क कार्यों का निरीक्षण किया गया। उल्हासनगर स्टेशन, भारतनगर, सीएचएम कॉलेज आदि के पास वालधुनी नदी और नाले का निरीक्षण किया गया है.

मनपा आयुक्त अजीज शेख ने संबंधित ठेकेदारों और उनके प्रतिनिधियों, संबंधित विभागों के प्रमुखों और स्वच्छता निरीक्षकों को नालों की शीघ्र सफाई करने का निर्देश दिया। इस समय बड़े नालों के साथ-साथ छोटे नालों की तत्काल सफाई का निर्देश दिया गया है.

इस अवसर पर अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर, किशोर गवस, उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव, शहर अभियंता, तरूण सेवकानी, जल आपूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता परमेश्वर बडगे, सहायक आयुक्त गणेश शिम्पी, मनीष हिवरे, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक एकनाथ पवार और अन्य उपस्थित थे।

## बंद पड़ा कंट्री बार फिर खुलने से रोष

- **कोर्ट से स्टे लेकर शुरू हुआ देशी शराब का अड्डा**
- **स्थानीय महिलाओं ने जताया विरोध**



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के नेहरू चौक आवासीय क्षेत्र में कंट्री देसी बार की मंजूरी से स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया था। स्थानीय महिलाओं ने पूर्व बीजेपी नगरसेवक राजेश वधारिया के माध्यम से सांसद श्रीकांत शिंदे से मुलाकात की और कंट्री बार का लाइसेंस रद्द करवा दिया था, लेकिन कोर्ट द्वारा लाइसेंस रद्द करने के आदेश पर रोक लगाने के बाद अंबिका कंट्री बार फिर से खुल गया है। इसलिए यहां के निवासियों ने विरोध जताया है और स्थानीय पूर्व नगरसेवक राजेश वधारिया स्थानीय नागरिकों के पक्ष में खड़े हैं. वे सांसद श्रीकांत शिंदे और विधायक कुमार आयलानी के पास गए हैं। अब वे कंट्री बार को बंद कराने के लिए कोर्ट जाने वाले हैं।

उल्हासनगर कैंप 2 के नेहरू चौक क्षेत्र में बैरक नंबर 521 के पास संतोषी माता नगर और हनीमून कॉटेज क्षेत्र में देसी देशी बार की अनुमति दी गई। इस इलाके में 500 से ज्यादा घर हैं. चूंकि यह रिहायशी इलाका है, इसलिए इस बात की प्रबल संभावना है कि इसका यहां के बच्चों पर बुरा असर पड़ेगा, इसलिए इलाके की महिलाओं ने विद्रोह कर दिया था. तब सांसद श्रीकांत शिंदे ने संबंधित विभाग को कंट्री बार का लाइसेंस तुरंत निलंबित करने का आदेश दिया और कंट्री बार को स्थायी रूप से हटा दिया गया।

अंबिका कंट्री बार के मालिक मोहन लबाना ने जिला कलेक्टर द्वारा पारित आदेश के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट ने कंट्री बार मालिक का पक्ष सुना और मामले में तत्काल रोक लगाने का आदेश दिया। उस स्थगन आदेश के बल पर, बार मालिक ने विवादित स्थान पर अपना व्यवसाय फिर से शुरू कर दिया है।

## मुफ्त की बीयर न देने पर होटल पर हमला







- **CCTV में आरोपी कैद**
- **पत्थर व बीयर की बोतलें फेंकी**

**उल्हासनगर.** शहर में अब गुंडों ने व्यापारियों का कारोबार करना मुश्किल कर दिया है। आए दिन शहर में व्यापारियों पर हमले हो रहे हैं। लेकिन गुंडों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। कैम्प 2 का खेमानी परिसर भी अब अपराधियों का गढ़ बनते जा रहा है। ऐसे में मंगलवार की रात 12 बजे उल्हासनगर-2 स्थित खेमानी के पास आवत चौक पर होटल हिमालय नामक बार में मुफ्त की बीयर न देने पर कुछ गुंडों ने होटल में झगड़ा किया और बाद में होटल से बाहर निकलकर पत्थरबाजी व कई बीयर की बोतलें होटल पर फेंकी। यह घटना में कोई घायल नहीं हुआ है लेकिन स्थानीय व्यापारियों में रोष व्याप्त है। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो चुकी है। होटल मालिक व होटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नानिक आहुजा ने उल्हासनगर पुलिस थाने में इस घटना की शिकायत लिखाई है और आरोपी राजू सरदार व अन्य को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

**अंबरनाथ में अनेक समस्याओं से शहरवासी परेशान, प्रशासन चुप**

## मुख्याधिकारी को मनसे, आगरी सेना ने नियमों की किताब भेंट की

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद के प्रशासक एवं मुख्याधिकारी प्रशांत रसाल और अतिरिक्त मुख्याधिकारी अभिषेक पराडकर को उनके कार्यालय में जाकर मनसे, आगरी सेना और छत्रपति शिवाजी महाराज नगर रहिवासी संघ की ओर से शहर की विविध समसयाओं पर चर्चा करके उन्हें शहरवासियों की जवाबदारी क्या होती है, ये समझना चाहिए. इसके लिए नगर परिषद के अधिनियम की किताब एवं शहर में हो रहे अवैध निर्माणों पर कार्रवाई नहीं होने पर अवैध निर्माण करनेवालों पर क्या कार्रवाई करना चाहिए, उन पर कौन से कलम के अनुसार अपराध दाखिल करना चाहिए, भारतीय दंड संहिता की किताब भेंट में दी गई.



विदित हो कि गत 5 वर्षों से शहरवासी अनेक समस्याओं को लेकर परेशान हैं. प्रशासक रसाल और मुख्याधिकारी अपने पद को समझ नहीं पा रहे हैं. इसलिए उन्हें ये किताब भेंट की गई है. ऐसी जानकारी मनसे उप जिला अध्यक्ष शैलेष शिर्के ने देते हुए बताया कि शहर की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा करके प्रशासन को जानकारी दी गई है. वालधुनी नदी और शहर के नालों पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करो. रसाल ने कहा कि 24 जून तक कार्रवाई की जाएगी. नाले की सफाई करके कचरा नाले किनारे से उठाया नहीं जा रहा है एवं नाला सफाई ठीक ढंग से नहीं हो रही है. अवैध होर्डिंग को हटाने की मांग की गई है. कचरा समस्या पर बताया गया कि आचार संहिता 5 जुलाई को समाप्त हो रही है. उसके बाद कचरा ठेके का नया टेंडर निकाला जाएगा. सभी समस्याओं का हल निकाला जाएगा, ऐसा आश्वासन मुख्याधिकारी ने शिष्टमंडल को दिया है.

## कैम्प-4 सरकारी अस्पताल में सिकल सेल जांच शिविर संपन्न



**उल्हासनगर.** बुधवार 19 जून को राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया दिवस के अवसर पर उल्हासनगर नंबर 4 स्थित सरकारी अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. भावना तेलंग की पहल पर शहर के नागरिकों के लिए एक मुफ्त सिकल सेल जांच शिविर का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय सिकल सेल दिवस के उपलक्ष्य में 19 जून को शासकीय प्रसूति अस्पताल एवं अस्पताल उल्हासनगर नंबर 4 में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया निर्मूलन अभियान के तहत उल्हासनगर शहर के 18 वर्ष से अधिक आयु के सैकड़ों नागरिकों की विशेषज्ञ डॉक्टरों ने शासकीय प्रसूति चिकित्सालय एवं अस्पताल उल्हासनगर क्रमांक 4 की डॉक्टर भावना तेलंग (चिकित्सा अधीक्षक) के मार्गदर्शन में सिकल सेल जांच की गई. नवजात शिशु और उससे अधिक उम्र के बच्चों की सिकल सेल रोग जांच के लिए मीना सांखे, डॉ. सिद्धराम कांबले, डॉ. निया पद्मपानी, चेतन पाटिल, मंगला पवार, प्रेरणा अहिरे सहित अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मार्गदर्शन किया।

## किणीकर-वालेकर की गुटबाजी सामने आई

**वर्धापन दिन के बैनर में दोनों ने एक-दूसरे का फोटो बैनर पर नहीं लगाया**

▶▶ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** शिवसेना शिंदे गुट में अब खुलकर गुटबाजी हो रही है. शिवसेना के 58वें वर्धापन दिन के अवसर पर शहर पश्चिमी और पूर्व में विधायक डॉ बालाजी किणीकर एवं शहर प्रमुख अरविंद वालेकर ने अलग-अलग अपने बैनर लगाए हैं. किणीकर के बैनर पर अरविंद वालेकर एवं उनके समर्थकों का फोटो नहीं है तो वालेकर के बैनर पर विधायक किणीकर और उनके समर्थकों के फोटो नहीं डाले गए हैं.





इससे पूर्व भी ऐसा कई बार हुआ है लेकिन इस बार यह फोटो वाला मामला इसलिए चर्चा में है कि 10 दिनों पहले सांसद श्रीकांत शिंदे ने महात्मा गांधी विद्यालय में लोकसभा चुनाव पर एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया था. यहां पर भी समीक्षा बैठक के बैनर में कणीकर कर का फोटो बैनर पर था, पर वालेकर का फोटो ना होने से उनके समर्थकों ने सांसद के समक्ष अपनी नाराजी व्यक्त की थी. सांसद ने उन्हें समझाया था. शहरवासी यह समझ रहे थे कि सांसद शिंदे ने दोनों पक्ष को बिठाकर मामले का हल निकाल लिया होगा लेकिन लोग गलतफहमी में थे. वर्धापन दिन का बैनर शहर में बुधवार को लगने से लोगों को समझ में आ गया की किणीकर-वालेकर की आपसी दुनिया गलतफहमियां दूर नहीं हुई हैं. क्या यह गुटबाजी विधानसभा चुनाव तक चलेगी. अगर ऐसा है तो शिवसेना शिंदे के लिए विधानसभा का चुनाव कांटों भरा होगा. ऐसी चर्चा शहर में हो रही है.

## अंबरनाथ के गोपाल राय कांग्रेस कोषाध्यक्ष नियुक्त

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के वरिष्ठ पुराने कार्यकर्ता ठाणे जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष गोपाल राय को अमरनाथ कांग्रेस की नव नियुक्त कमेटी में कोषाध्यक्ष का पद दिया गया है. उन्होंने बताया कि वह 35 वर्षों से कांग्रेस पार्टी का कार्य कर रहे हैं वह कांग्रेस पार्टी को शहर में मजबूत करेंगे. उन्होंने सभी पुराने कांग्रेसियों को शहर में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए आगे आने को कहा है. विदित हो कि गत दिनों शहर पश्चिम के कृष्णा सभागृह में कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा पाटिल ने एक सभा लेकर अपनी नई टीम की घोषणा की थी ठाणे जिला अध्यक्ष दयानंद चोरघे एवं प्रदेश सचिव शर्मा के हाथों नवनियुक्त



पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया था. गोपाल राय को भी चोरघे के हाथों कोषाध्यक्ष का पद का नियुक्ति पत्र दिया गया उसे समय पुराने कांग्रेसी एवं पूर्व अध्यक्ष एड. यशवंत जोशी भी उपस्थित थे गोपाल राय की इस नियुक्ति पर शहर के पुराने कांग्रेसी नेताओं ने उन्हें बधाई दी है. राय का लगभग 15 वर्षों तक ठाणे जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रह चुके हैं.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. – महात्मा गौतम बुद्ध

उल्लास विकास

संपादकीय

## बेटियों के नाम पर झूठा सम्मान

आज जब दुनिया भर में लोग अपने पूर्वाग्रहों और दुराग्रहों को छोड़ कर सामाजिक-आर्थिक विकास की नई राह पर निकल रहे हैं, उसमें ऐसी खबरें दुखद लगती हैं कि किसी पिता ने सिर्फ इसलिए अपनी बेटी की जान ले ली कि उसने किसी अन्य जाति के लड़के से प्रेम किया और उससे शादी करना चाहती थी।

दिल्ली के प्रेमनगर इलाके में एक व्यक्ति को इस बात पर आपत्ति थी कि उसकी बेटी किसी अन्य जाति के लड़के से विवाह करे। उसने योजनाबद्ध तरीके से बेटी की हत्या कर दी। आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन इस घटना से एक बार फिर यह सवाल उठा है कि देश के विकास के मोर्चे पर सामाजिक मसलों की प्राथमिकता क्या है और उसमें सुधार के लिए क्या किया जा रहा है। झूठे सम्मान के नाम पर की गई हत्या की यह कोई अकेली घटना नहीं है। देश के अलग-अलग इलाकों से अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिनमें किसी प्रेमी जोड़े को उनके परिवार वालों ने ही मार डाला, क्योंकि लड़की और लड़के की जाति या धर्म अलग था।

विडंबना है कि बहुत सारे लोग आधुनिकता और तकनीकी विकास के मामले में खुद को मुख्यधारा में शामिल दिखाना चाहते हैं, मगर जाति और धर्म के मसले पर वे एक विचित्र किस्म की संकीर्णता से घिरे रहते हैं। दुनिया की कोई भी संस्कृति प्रेम के विरुद्ध नहीं है और न किसी जाति या धर्म, जाति, धर्म या झूठे सम्मान के नाम पर हत्या करने की शिक्षा देती है।

मगर अफसोसनाक है कि अनपढ़ से लेकर कई पढ़े-लिखे लोग भी जाति की जड़ता में जकड़े रहते और इस मसले पर कई बार इस हद तक क्रूर हो जाते हैं कि अंतरजातीय प्रेम या विवाह करने वाली अपनी बहन या बेटी की भी हत्या कर डालते हैं।

आखिर क्या कारण है कि शिक्षा के प्रसार और तमाम जागरूकता अभियानों में सामाजिक पूर्वाग्रहों को दूर करने के लिए ऐसे उपायों का अभाव दिखता है, जो लोगों को जाति और धर्म की जड़ता से मुक्त कर सकें और मानवीय संवेदना के साथ सामाजिक दायरे के विस्तार को लेकर एक प्रगतिशील सोच का विकास हो!

# सही वितरण का समय, तभी मजबूत होगा बुनियादी ढांचा



नई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर विचार करना प्रासंगिक है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढ़ गया है, लेकिन हाल के वर्षों में विकास की जो शानदार कहानियां सुनने को मिली हैं, उनमें ग्रामीण, कृषि आबादी की आजीविका के संघर्ष और बेरोजगार युवाओं की बेचैनी को नजर अंदाज कर दिया जाता है। इस बार के लोकसभा चुनाव ने दिखाया कि इन दोनों मुद्दों का क्या महत्व है।

लाखों आम भारतीय, जिनके पास कोई पुश्तैनी संपत्ति या सामाजिक संपर्क नहीं है, कम आय और बढ़ती खाद्य कीमतों से जूझ रहे हैं। यही सच्चाई है। जो लोग इन मुद्दों पर ध्यान देते रहे हैं, उनके लिए ग्रामीण भारत के संकट और युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी कोई नई बात नहीं है। निराशा और हताशा की खबरें बार-बार आती हैं। हिंदी पट्टी में भर्ती परीक्षाओं में 'पेपर लीक' के कारण परीक्षाओं के रद्द होने की घटनाएं इसके कई संकेत देती हैं। भारत कई अरबपतियों के साथ तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक हो सकता है, लेकिन यह बहुत ही असमान समाज है, जहां लाखों लोग सिर्फ जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि देश का जो विकास हुआ है, उसे नजर अंदाज कर दिया जाए। पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने ग्रामीण भारत, जहां अब भी अधिकांश भारतीय रहते हैं, की तुलना में बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी। एक दशक पहले की तुलना में देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुना हो गई, और 10,000 किलोमीटर सड़कें तथा 15 गीगावाट सौर ऊर्जा की क्षमता प्रति वर्ष बढ़ाई गई है। विकास के और भी बहुत से काम किए गए, लेकिन वास्तविकता यह है कि इसका लाभ अभी तक ग्रामीण आबादी, विशेषकर गरीबों तक नहीं पहुंचा है। पूरे देश में करीब 80 करोड़ लोग सरकार की मुफ्त राशन योजना पर निर्भर हैं। गरीब राज्यों के गांवों में लोग राजमार्गों, नकद हस्तांतरण, सब्सिडी वाली रसोई गैस, नल से जल और मुफ्त राशन तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य कल्याणकारी लाभों की प्रशंसा करते नहीं थकते। फिर भी किसानों की शिकायत है कि खेती लगातार घाटे का सौदा होती जा रही है। औसत वार्षिक कृषि वृद्धि आमतौर पर तीन प्रतिशत होती है, जो 2023-24 में केवल 1.4 प्रतिशत थी। इसके अलावा, उच्च खाद्य कीमतें भी हैं। तीन समान किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये की किसान सम्मान निधि मददगार तो है, लेकिन कई किसान बेहतर आय चाहते हैं। बुनियादी ढांचे का विकास अब उतना श्रम-प्रधान नहीं रह गया है और यह पूरी तरह से आजीविका की समस्याओं का समाधान नहीं करता है। जीडीपी बढ़ने के साथ घरेलू कर्ज में वृद्धि और घरेलू बचत में गिरावट आ रही है। लेकिन ग्रामीण संकट और रोजगार के संकट के साथ-साथ लग्जरी कारों, अपार्टमेंटों और अन्य लग्जरी चीजों की मांग भी देश में बढ़ रही हैं। गांवों और शहरी झुग्गियों में ऐसे लाखों लोग हैं, जो अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और दिल्ली स्थित मानव विकास संस्थान द्वारा जारी भारत रोजगार रिपोर्ट-2024 में बताया गया है कि 'वर्ष 2012-22 के दौरान आकस्मिक मजदूरों की मजदूरी में मामूली वृद्धि हुई और नियमित श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी या तो स्थिर रही या घट गई। वर्ष 2019 के बाद स्वरोजगार करने वालों की वास्तविक आय में भी गिरावट आई। कुल मिलाकर, मजदूरी कम बनी हुई है। देश भर में 62 प्रतिशत अकुशल अस्थायी कृषि श्रमिकों और निर्माण क्षेत्र के 70 प्रतिशत ऐसे श्रमिकों को 2022 में निर्धारित दैनिक न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिली।'

वर्ष 2000 से ही सेवा क्षेत्र भारत के विकास का प्रमुख वाहक रहा है। सॉफ्टवेयर, आईटी, आईटी से जुड़ी सेवाएं, व्यवसाय और वित्तीय सेवाओं ने प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा किए और अन्य क्षेत्रों में भी रोजगार को बढ़ावा दिया है, लेकिन हर कोई इन उभरते अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम नहीं है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

जब हम सबसे प्रेम करने लगते हैं तो हमारे अंदर एक परिवर्तन आ जाता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# बेकाबू महंगाई से बढ़ रहीं जनता की मुश्किलें

महंगाई पर काबू पाना सरकार के लिए टेढ़ी खीर बना हुआ है। मई में थोक महंगाई पिछले पंद्रह महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गई। अब यह 2.61 फीसद पर है, जबकि अप्रैल में यह 1.26 फीसद थी। इसी अवधि में पिछले वर्ष यह नकारात्मक 3.61 फीसद पर थी। जबकि इसके उलट खुदरा महंगाई मई में घट कर 4.75 फीसद पर पहुंच गई, जो इस वर्ष का सबसे निचला स्तर है। थोक महंगाई पिछले तीन महीने से लगातार बढ़ रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का कहना है कि खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे तेल और गैस तथा अन्य विनिर्माण उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से इस वर्ष मई में थोक महंगाई बढ़ी। खासकर सब्जियों की थोक कीमतों में बेतहाशा वृद्धि देखी गई। सब्जियों की थोक महंगाई दर 32.42 फीसद रही। प्याज की थोक महंगाई दर 58.05 फीसद और आलू की 64.05 फीसद दर्ज की गई। भारतीय रिजर्व बैंक आमतौर पर खुदरा महंगाई दर के आधार पर अपनी मौद्रिक नीतियों में बदलाव करता है। मगर मई में खुदरा महंगाई पांच फीसद से कम होने के बावजूद उसने रेपो रेट में कोई बदलाव न करने का फैसला किया। इसलिए कि उसका अनुमान है कि अभी महंगाई का रुख अनिश्चित बना रहेगा और उसमें उतार-चढ़ाव आ सकता है।

आमतौर पर थोक महंगाई का असर खुदरा महंगाई पर पड़ता है। जो चीजें थोक में महंगी होती हैं, उनकी खुदरा कीमतें भी बढ़ती हैं। मगर बीते मई महीने में यह क्रम उलटा देखा गया। थोक महंगाई बढ़ी, पर खुदरा महंगाई कम हुई। महंगाई बढ़ने के पीछे आमतौर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का तर्क दिया जाता है। पिछले कुछ वर्षों से रूस-यूक्रेन युद्ध और फिर इजराइल-हमास संघर्ष के चलते दुनिया भर में आपूर्ति शृंखला बाधित हुई है।



विश्व अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही है। जाहिर है, इसका असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ा है। मगर यह कोई पहला मौका नहीं है, जब कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं। भारत में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी कई वर्ष से हो रही है, जिसका प्रभाव माल ढुलाई पर देखा गया है। मई महीने में तेल की कीमतें इतनी बढ़ी भी नहीं कि उसका सीधा प्रभाव थोक महंगाई पर पड़े। फिर, खुदरा महंगाई घटी हुई कैसे दर्ज हुई, जबकि इसका असर उस पर भी पड़ना चाहिए था। दरअसल, खाने-पीने की चीजों की कीमतों में असंतुलन की बड़ी वजह अंतरराष्ट्रीय व्यापार है।

महाराष्ट्र के किसान लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं कि प्याज को निर्यात के लिए खोल दिया जाए, मगर सरकार ने उस पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसकी वजह से उन्हें अपनी लागत भी नहीं मिल पा रही और खुदरा बाजार में औने-पौने दाम पर बेचना पड़ रहा है। इसके उलट, बाहर से दालों, फलों, खाद्य तेल आदि पर आयात शुल्क घटा या हटा देने की वजह से घरेलू जिंस की जगह विदेशी चीजें थोक बाजार में अधिक पहुंचने लगी हैं। यह समझना मुश्किल है कि जो खाद्य वस्तुएं अपने यहां जरूरत से अधिक पैदा हो रही हैं, उनकी घरेलू बाजार में खपत बढ़ाने पर जोर देने के बजाय विदेशी वस्तुओं की आवक क्यों बढ़ाई जाती है। खानेपीने की चीजों की कीमतें बढ़ने से आम लोगों के जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उनकी क्रयशक्ति बढ़ाना पहले ही बड़ी चुनौती है, तिस पर महंगाई की मार उनका जीवन दूभर बना देती है।


# होटल में ठहरते हैं, तो ज़रूर करें ये सिक्योरिटी टेस्ट

## जरा हट के

दफ्तर के काम से आजकल लोगों का बाहर आना-जाना काफी बढ़ गया है. ऐसे में होटल और लॉज की भी संख्या बढ़ गई है. ऐसे में इंसान अपने बजट के मुताबिक कभी सामान्य तो कभी बहुत अच्छे होटल में ठहरता है. हालांकि यहां ठहरने से पहले भी आपको अपनी सुरक्षा को लेकर पूरी तसल्ली कर लेनी चाहिए क्योंकि आजकल खतरा हर तरफ मंडराता रहता है.

सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स की ओर से लोगों को आगाह करने के लिए ऐसे तमाम टिप्स बताए जाते हैं, जो हमारी सिक्योरिटी के लिए ज़रूर होते हैं. ऐसी ही एक टिप सोशल मीडिया पर शेयर की गई है, जो होटल में ठहरने के दौरान हमें ध्यान में रखने चाहिए. सबसे ज्यादा खतरा जगह-जगह ताकझांक करने वाले कैमरों का रहता है.

वायरल हो रहे वीडियो में बताया गया है कि अगर आपको अपने होटल के आईने को चेक करना है कि ये डबल साइडेड तो नहीं है या फिर इसके पीछे कैमरा तो नहीं है, तो आप एक छोटा सा टेस्ट करें. इसके लिए आपको कुछ टेप और कुछ रंगीन मार्कर की ज़रूरत होगी. वीडियो के मुताबिक टेप लगाकर कलर करें और बीच में इसे मिटाकर देखें कि लाइनों की छाया मिरर पर दिख रही है या नहीं. अगर दिख रही है तो आईना सेफ है, वरना गड़बड़ है. इसके अलावा अपनी एक उंगली या अंगूठे को आईने पर रखें, अगर आपकी नाखून की छाया और नाखून के बीच गैप है, तो मिरर सेफ है, वरना ये टू साइडेड हो सकता है.



### लोग देने लगे नसीहत

वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर thedailynelly नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है. लोगों ने इसे देखकर अलग-अलग कमेंट किए हैं. एक यूज़र ने कहा- ये बच्चों वाला काम है तो एक ने कहा – ये पूरी तरह समझ में नहीं आया. वहीं कुछ यूज़र्स को ये जानकारी उपयोगी भी लगी है.

# 'पनीर के कोफ्ते'




लौकी, कटहल, गोभी का कोफ्ता खाने में बहुत शानदार लगता है, लेकिन क्या आपने कभी पनीर का कोफ्ता ट्राई किया है? अगर नहीं, तो आज हम इसी की रेसिपी लेकर आए हैं, जिसे आप खास मौकों पर कर सकते हैं ट्राई।

**सामग्री :**

गाएं 200 ग्राम कसा पनीर, 2 उबले आलू, 1/4 कप बेसन, 1/2 टीस्पून काली मिर्च पाउडर, 1/4 टीस्पून हल्दी पाउडर, 1/2 टीस्पून गरम मसाला, 2 टेबलस्पून मक्के का आटा, स्वादानुसार नमक, 1 टीस्पून अदरक-लहसुन का पेस्ट, थोड़ी हरी धनिया, 3 टेबलस्पून अखरोट पेस्ट **स्टफिंग के लिए :** थोड़ी किशमिश, अखरोट

**ग्रेवी के लिए :** 2 टेबलस्पून तेल, 1 क्यूब में कटा प्याज, 3 क्यूब्स में कटे टमाटर, 1/4 कप अखरोट, 2-3 हरी इलायची, 1 तेजपत्ता, 1/2 इंच दालचीनी, 3 लौंग, 2 टीस्पून अदरक-लहसुन का पेस्ट, 1 टीस्पून काली मिर्च पाउडर, 1 टीस्पून गरम मसाला, 1 टीस्पून धनिया पाउडर, 1/2 टीस्पून हल्दी पाउडर, नमक, चुटकी भर चीनी, थोड़ी सी कसूरी मेथी



**विधि :**

कोफ्ता के लिए एक बाउल में सारी सामग्री मिला लें। इसमें थोड़ा सा तेल डालकर बॉल्स बना लें। इन बॉल्स को 30 मिनट के लिए फ्रिज में सेट होने के लिए रख दें। इन्हें सुनहरा होने तक तल लें। ग्रेवी बनाने के लिए एक कड़ाही में तेल गर्म करें। इलायची, दालचीनी और लौंग का तड़का लगाएं। प्याज और अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर भूनें। अब टमाटर व अखरोट डालकर 4-5 मिनट तक पकाएं। खुशबू आने तक पकाएं। हल्दी, लाल मिर्च, धनिया पाउडर मिलाएं और अब एक कप पानी डालें। गरम मसाला, चीनी और नमक डालें। ग्रेवी थोड़ी गाढ़ी होने और तेल अलग होने तक पकाएं। ग्रेवी के मसाले अच्छी तरह पक जाने पर कसूरी मेथी डालें। जब ग्रेवी परोसने के लिए तैयार हो, तब उसमें कोफ्ते डालें। ऊपर से अखरोट की कतरन, क्रीम और ताजी हरी धनिया डालें।


# क्या है सिकल सेल डिसऑर्डर ?

### लक्षण और बचाव के उपाय

हर साल दुनियाभर में 19 जून को वर्ल्ड सिकल सेल डे मनाया जाता है। विश्व सिकल सेल दिवस मनाने के पीछे का उद्धेश्य इस जेनेटिक ब्लड डिसऑर्डर के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की मानें तो हर साल करीब 3 लाख से अधिक बच्चे हीमोग्लोबिन रोग के गंभीर रूपों के साथ पैदा होते हैं, जिसमें थैलेसीमिया और सिकल सेल बीमारी शामिल है।

### क्या है सिकल सेल डिसऑर्डर?

सिकल सेल एक जेनेटिक ब्लड डिसऑर्डर है, जो रेड ब्लड सेल्स को प्रभावित करता है। बता दें,स्वस्थ रेड ब्लड सेल्स गोल और लचीली होते हैं,जो शरीर के सभी हिस्सों तक ऑक्सीजन को पहुंचाने में मदद करते हैं। जबकि सिकल सेल रोग के दौरान ये रेड ब्लड सेल्स क्रिसेंट शेप के आकार के और कठोर हो जाते हैं। सिकल सेल डिसऑर्डर एक ऐसी स्थिति है, जिसमें रेड ब्लड सेल की कमी होने की वजह से शरीर के हर हिस्से में ऑक्सीजन ठीक तरह से नहीं पहुंच पाता है। जिससे व्यक्ति को दर्द, थकान, संक्रमण के साथ कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।




### सिकल सेल डिसऑर्डर के उपाय

सिकल सेल रोग एक जेनेटिक बीमारी होने की वजह से पूरी तरह से ठीक नहीं की जा सकती है। इस बीमारी की गिरफ्त में आने वाले बच्चे को जन्म के तुरंत बाद वैक्सीन दी जाती है। परिवार में सिकल सेल रोग का इतिहास होने पर आप जेनेटिक टेस्ट करवा सकते हैं। इसके अलावा इस बीमारी के इलाज में एंटीबायोटिक्स, इंट्रावीनस फ्लूइड, नियमित रूप से खून चढ़ाना और कई बार सर्जरी की भी जरूरत पड़ती है। इस बीमारी की उचित देखरेख की जाए तो सिकल सेल रोग को मैनेज किया जा सकता है।

### सिकल सेल डिसऑर्डर के लक्षण

- सिकल सेल रोग का सबसे आम लक्षण है, हड्डियों, मांसपेशियों,पेट या पीठ में अचानक तेज दर्द महसूस होना।
- लोगों को अक्सर थकान और कमजोरी महसूस होना।
- सिकल सेल रोग रेड ब्लड सेल्स को नष्ट कर देता है, जिससे एनीमिया रोग होता है। इससे पीड़ित व्यक्ति को त्वचा में पीलापन, सांस लेने में तकलीफ और चक्कर आने की समस्या हो सकती है।
- सिकल सेल रोग वाले लोगों में संक्रमण का खतरा ज्यादा बना रहता है।
- हाथों और पैरों में सूजन
- प्यूबर्टी या प्रौढ़ता आने में देरी

## आज का राशिफल

**मेष :** म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। समय अनुकूल है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**वृषभ :** विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। परिवार के किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**मिथुन :** यात्रा लाभदायक रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। विरोधी सक्रिय रहेंगे।

**कर्क :** किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी। आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**सिंह :** धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**कन्या :** विवाद को बढ़ावा न दें। चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बनते कामों में विघ्न आ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला :** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। शत्रु पस्त होंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक :** किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**धनु :** कानूनी अड़चन सामने आएगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेचैनी रहेगी। व्यर्थ दौड़धूप रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**मकर :** कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है। विवाद के बढ़ावा न दें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे।

**कुंभ :** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। सुख-शांति रहेगी।

**मीन :** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। बुद्धि का प्रयोग करेंगे। कार्य में सफलता मिलेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। लाभ में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# क्या सूख रहा है तुलसी का पौधा?

## बस डाल दें ये घरेलू खाद, हफ्तेभर में दिखेगा हरा-भरा

पूजा-पाठ के लिए घर-घर में तुलसी के पौधे रखने की परंपरा है. इसका सूख जाना शुभ नहीं माना जाता. लेकिन गर्मी बढ़ने की वजह से अगर यह पौधा सूख रहा है या इसके पत्ते गिर रहे हैं, पौधा कमजोर दिख रहा है या इनकी जड़ें खराब हो गई हैं, तो इसे खास देखभाल की जरूरत है. यहां हम बता रहे हैं कि आप घर पर आसानी से तुलसी के पौधों के लिए खाद किस तरह बना सकते हैं. इस आसान से खाद की मदद से पौधा जल्द हेल्दी होगा और इनकी वृद्धि में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी.



### तुलसी के पौधे की देखभाल

दरअसल, तुलसी के पौधों में बहुत अधिक पानी डालने से इसकी पत्तियां पीली पड़ जाती हैं और जड़ों में कीड़े लग जाते हैं. इस बात का ध्यान रखें कि अगर पत्तियों पर कीड़े दिखें तो इन्हें तुरंत हटा दें, वरना ये कीड़े पूरे पौधे को बर्बाद कर देंगे. अगर आप पौधे में अधिक खाद डाल दें तो भी यह सूख सकता है.

### तुलसी के पौधे में डालें ये खाद

एक मग में एक बड़ा चम्मच हल्दी का पाउडर रखें. यह एंटीफंगल और एंटीसेप्टिक गुण से भरा होता है. ये मिट्टी में फंगस नहीं लगेगा और पौधे को कीड़ों से भी बचाएगा. अब इसमें धुली हुई 3 चम्मच चायपत्ती या 1 ताजा चायपत्ती डालें. चाय की पत्ती मिट्टी में नाइट्रोजन बढ़ाने का काम आसानी से करती है जो पौधों के लिए बहुत फायदेमंद होता है. अब इसमें 2 चम्मच सूखे केले के छिलकों का पाउडर मिला लें. यह पोटैशियम से भरपूर होता है.अब इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें. तुलसी के लिए फर्टिलाइजर तैयार है.

### इस तरह करें इस्तेमाल

सबसे पहले मिट्टी की गुड़ाई करें. ध्यान रहे कि मिट्टी गीली न हो. अब खाद को मिट्टी के साथ मिला लें. अब इसमें जरूरत के अनुसार थोड़ा सा पानी डाल लें. आप इस होममेड खाद को हर 15 दिन में एक बार डालें तो देखेंगे कि पौधा तेजी से हरा-भरा हो रहा है.

# कम मलाई से ज्यादा घी निकालने का ट्रिक

### बस चुटकीभर डाल दें ये एक चीज, दोगुना निकलेगा दानेदार देसी घी

घी का तड़का हर भोजन के जायके को खास बना देता है. खासतौर पर अगर घर का बना घी हो तो बात ही क्या है. घर का बना घी शुद्ध होता है और इनकी खुशबू भी भीनी-भीनी होती है. इसमें मिलावट का खतरा नहीं होता और इसे आप घर पर जमा किए गए मलाई से बड़ी आसानी से बना भी सकते हैं. स्वाद के साथ-साथ ये सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद है. यह शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है और स्किन को भी हेल्दी बनाने का काम करता है. ऐसे में आज हम लेकर आए हैं मलाई से घी निकालने का ऐसा तरीका, जिसकी मदद से आप कम मलाई में अधिक से अधिक घी निकाल सकते हैं.

### घर पर ऐसे निकालें घी

- अगर आपको कम घी से अधिक मलाई निकालनी है तो आप इस तरीके से घी निकालें. इसके लिए आप एक सप्ताह तक दूध की मलाई एक स्टील के डिब्बे में जमा करें और इसे फ्रिज में स्टोर करें. जब ढ़ेर सारी मलाई जमा हो जाए तो आप इसे फ्रिज से निकालें और 1 घंटे के लिए रूम टेंपरेचर पर रख दें. इस तरह ये मलाई सॉफ्ट हो जाएगी.



- अब आप एक पैन को गैस पर चढ़ाएं और इसमें सारी मलाई उलट दें. अब जब ये गर्म होने लगे तो पलटे से दबा दबाकर इसे पिघला लें. अब इसे गैस से उतारें और रूम टेंपरेचर पर आने दें. अब इसमें थोड़ा सा दही मिलाएं और रात भर इसे ढ़ककर रख दें. अगले दिन आप देखेंगे कि इसमें मोटी मलाई जमी है.
- अब अपने मिक्सचर में आइस क्यूब डालें और इसे अच्छी तरह फेंट लें. 2 से 3 मिनट में मक्खन निकल आएगा. अब इसके मक्खन को हाथ से दबाकर एक बर्तन में रखते जाएं. अब आप गैस पर एक मोटे तल्ले का पैन रखें और इसमें सारे मक्खन डाल लें. आप इसमें चुटकी भर हल्दी डालें. कम आंच पर इसे पकाएं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्लास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पत्नी के दाह संस्कार की तैयारी, पति ने भी छोड़ दी दुनिया, एक ही चिता पर हुआ अंतिम संस्कार

**जालौन.** यूपी के जालौन में बीमार बुजुर्ग महिला की मौत के कुछ मिनट बाद ही पति ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया। घर वाले बुजुर्ग महिला का शव दाह संस्कार के लिए मोक्ष धाम लेकर पहुंचे ही थे कि घर से बुजुर्ग पति की मौत की खबर ने हर किसी की आंखों में आंसू ला दिए। पति-पत्नी की मौत के बाद दोनों के शवों का दाह संस्कार एक ही चिता पर कराया गया। जालौन के हिरदेशाह बजरिया के 78 वर्षीय मगन लाल प्रजापति 74 वर्षीय पत्नी पार्वती देवी व बेटे अनूप उर्फ टेकचन्द, अशोक और अरूण व पुत्रवधुओं के साथ रहते थे। रविवार को पार्वती देवी को बुखार आया और उनकी हालत बिगड़ने लगी। जब परिवार के लोग उन्हें उच्च संस्थान ले जा रहे थे तो उनकी रास्ते में ही मौत हो गई। पत्नी के बीमार होने तथा बाहर रेफर होने की खबर जैसे ही पति को मिली वह भी बेचेन हो गए। सोमवार शाम के समय जैसे ही पत्नी का शव घर पहुंचा तो वह यह देख विचलित हो गए। घर पर अंतिम विदाई देते वक्त ही उनकी भी हालत खराब होने लगी। उधर घरवाले जब वृद्धा के शव को लेकर श्मशानघाट पहुंचे तभी घर से खबर आ गई कि मगन लाल की मौत हो गई है।

### और तगड़ी होगी CM योगी की सुरक्षा

**लखनऊ.** यूपी पुलिस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने जा रही है। इसके लिए महकमा 1 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के अत्याधुनिक उपकरण खरीदने की तैयारी कर रहा है। विभिन्न आतंकी समूहों सहित कई राष्ट्रविरोधी ताकतों की ओर से संभावित खतरों को देखते हुए महकमा हर स्तर पर मुख्यमंत्री के सुरक्षा घेरे को लगातार मजबूत करता रहता है। बता दें कि सीएम योगी को जेड प्लस श्रेणी और एनएसजी कमांडो का कवर प्राप्त है। वहीं प्रदेश पुलिस के जांबाज जवानों का दस्ता भी उनकी सुरक्षा में हर वक्त तैनात रहता है।

### धूप और गर्मी के बीच मौत की हिचकी ले रहा था सिपाही, वीडियो बनाता रहा दरोगा

**कानपुर.** कानपुर से हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। मूलरूप से झांसी के समथर निवासी 45 वर्षीय बृज किशोर सिंह पुलिस लाइन में आरक्षी थे। धूप और गर्मी के बीच स्टेशन के बाहर पहुंचते ही वह गश खाकर अचानक गिर पड़े। लोगों ने उन्हें संभाला और पानी पिलाया, लेकिन उनकी हालत नहीं सुधरी। इस दौरान वहां मौजूद जीआरपी का दरोगा उन्हें अस्पताल ले जाने के बजाय वीडियो बनाता रहा। इस पर लोगों ने दरोगा से आपत्ति भी जताई। आनन-फानन में सिपाही को केपीएम अस्पताल भेजा गया। जहां सिपाही की मौत हो गई।

### हाईवे पर फटा टायर, रेलिंग तोड़कर 15 फीट गहरी खाई में गिरी कार, दादा और पोते की मौत

**लखनऊ.** लखनऊ में गोसाईगंज के दहियामऊ में मंगलवार अपरान्ह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ 15 फीट गहरी खंती में जा गिरी। हादसे में दादा आत्माराम (75) और पोते आदर्श (10) की मौत हो गई। पत्नी और बेटा घायल हो गए। परिवार पीजीआई में आत्मराम की पत्नी भानुमती का इलाज कराने पीजीआई जा रहा था। आजमगढ़ के कलबाजबहादुर निवासी आत्माराम त्रिपाठी पत्नी भानुमती को मंगलवार को कार से पीजीआई इलाज कराने ला रहे थे। साथ बेटा विवेक और पोता आदर्श था। कार विवेक चला रहे थे। दोपहर तीन बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर दाहिरामऊ पहुंचे, तभी कार का टायर फट गया। इससे कार अनियंत्रित हो गई और जब तक विवेक कार संभाल पाते रेलिंग तोड़ते हुए 15 नीचे खाई में जा गिरी। हादसा देख अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर यूपीडा कर्मियों ने घायलों को गोसाईगंज सीएचसी भेजवाया। यहां डॉक्टरों ने आत्माराम और पोते आदर्श को मृत करार दिया।

# भारत छोड़ यूएई में बस सकते हैं कई करोड़पति

- **इस साल 4300 के पलायन का अनुमान: रिपोर्ट**

**नई दिल्ली.** इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट फर्म हेनले एंड पार्टनर्स ने अपनी हालिया रिपोर्ट में दावा किया है कि इस साल यानी 2024 में करीब 4300 करोड़पति भारत छोड़ सकते हैं और दूसरे देशों में जाकर बस सकते हैं। हेनले एंड पार्टनर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि हिन्दुस्तान छोड़ने वाले करोड़पतियों में से बड़ी संख्या में लोग संयुक्त अरब अमीरात (UAE) को अपना पसंदीदा गंतव्य स्थान के रूप में चुन सकते हैं।

इस रिपोर्ट के हवाले से NDTV ने कहा है कि पिछले साल करीब 5100 करोड़पति भारत से पलायन कर चुके हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला भारत करोड़पतियों के पलायन के मामले में दुनिया भर में चीन और ब्रिटेन के बाद तीसरे स्थान पर आ सकता है। माना जा रहा है कि भारत अब आबादी के मामले में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश चीन से आगे निकल चुका है लेकिन इसका शुद्ध करोड़पति पलायन चीन की दर 30% से अभी पीछे है।



इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत हर साल हजारों करोड़पतियों को खो रहा है। इनमें से ज्यादातर संयुक्त अरब अमीरात जाकर बस रहे हैं। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जितने लोग विदेश पलायन कर रहे हैं, उससे ज्यादा संख्या में उसी पूंजी मूल्य वर्ग के लोग भारत में पैदा हो रहे हैं। यानी नए करोड़पति बन रहे हैं।

रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि भले ही बड़ी संख्या में भारतीय करोड़पति पलायन कर विदेशों में जाकर बस रहे हैं लेकिन वे अपने दूसरे घर के रूप में भारत को नहीं छोड़ रहे हैं और ना ही अपने कारोबारी हितों को छोड़ पा रहे हैं। इसी रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल यानी 2024 में दुनिया भर में लगभग 1,28,000 करोड़पतियों के पलायन करने का अनुमान है। इनके पसंदीदा देशों में संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका टॉप पर है।

बता दें कि ऐसे प्रवासी करोड़पति अपने साथ पर्याप्त संपत्ति ले जाकर विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इतना ही नहीं उनका इनवेस्टमेंट इक्विटी प्लेसमेंट के माध्यम से स्थानीय शेयर बाजारों को भी प्रोत्साहित करता है।

# हादीपोरा में एनकाउंटर में दो आतंकी ढेर

- **दो सुरक्षाकर्मी घायल**
- **दो दिन पहले बांदीपोरा में LeT कमांडर मारा गया था**

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार (19 जून) को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर जारी है। यहां के हादीपोरा इलाके में दो आतंकी मारे गए हैं, जबकि स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का एक जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। हादीपोरा में पुलिस और सेना की जॉइंट टीम ने आतंकियों को ढूंढने के लिए एक सर्च ऑपरेशन जारी किया था। जैसे ही सुरक्षाबल आतंकियों की छिपने की संदिग्ध जगह तक पहुंचे, आतंकियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी।



इससे पहले सोमवार (17 जून) की सुबह बांदीपोरा में सुरक्षाबलों ने आतंकी LeT कमांडर उमर अकबर लोन उर्फ जाफर को मार गिराया। वो पट्टन का रहने वाला था। इलाके में 2 से 3 आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। उनकी तलाश के लिए सेना का ऑपरेशन जारी है। अरागाम के जंगलों में रविवार (16 जून) को फायरिंग की आवाज सुनाई दी। इसके बाद सेना और पुलिस ने सर्चिंग की। सोमवार सुबह तलाशी तेज की गई तो आतंकवादियों ने गोलीबारी की थी। ड्रोन फुटेज में मारे गए आतंकी जाफर का शव जंगल में पड़ा नजर आया था।

### रियासी हमले की जांच NIA को सौंपी गई

9 जून को रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले की जांच NIA को सौंप दी गई है। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद इस केस में नई FIR दर्ज की गई है। 16 जून को ही गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की। जिसमें उन्होंने निर्देश दिया था कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें।

# केंद्रीय राज्यमंत्री नहीं लिख पाईं 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ'

**लिख दिया- 'बेढी पड़ाओ बच्चाव'**



**धार.** मध्यप्रदेश की धार लोकसभा सीट से सांसद बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में जगह पाने वालीं सावित्री ठाकुर अब एक अलग वजह से चर्चा में हैं। वे हाल ही में एक स्कूली कार्यक्रम में हिंदी का एक वाक्य ठीक से नहीं लिख पाईं। आयोजन में जब उनसे 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' स्लोगन लिखने को कहा गया तो उन्होंने इसकी जगह पर 'बेढी पड़ाओ बच्चाव' लिख दिया। जिसके बाद आम लोग व कांग्रेस नेता 12वीं पास मंत्री की शिक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

दरअसल मामला धार जिले का है, जहां मंगलवार को तीन दिवसीय स्कूल प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत करने के लिए केंद्रीय महिला बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर को बुलाया गया था। उन्हें इस शासकीय स्कूली कार्यक्रम में शिक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के लिए बुलाया गया था।

इस दौरान उन्हें रथ के फ्लेक्स पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का स्लोगन लिख कर रथ को रवाना करने को कहा गया। लेकिन मंत्री स्लोगन को ठीक से लिख नहीं पाई और इसकी जगह 'बेढी पड़ाओ बच्चाव' लिख दिया। जिसके बाद वहां उपस्थित लोगों ने उनके लिखे स्लोगन के फोटो और वीडियो बना लिए, जो अब वायरल हो रहे हैं। इस वायरल फोटो और वीडियो को कांग्रेस दुर्भाग्यपूर्ण बता रही है।

# रियासी हमला : जम्मू-कश्मीर पुलिस ने की पहली गिरफ्तारी

- **आतंकियों की मदद करने वाला हकीम अरेस्ट**

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के रियासी सेक्टर में पिछले दिनों बस पर हुए आतंकी हमले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को जम्मू और कश्मीर पुलिस ने आरोपी हकीम को अरेस्ट किया। हकीम पर आतंकियों की मदद करने का आरोप है। रियासी आतंकी हमले में यह गिरफ्तारी पहली है। रियासी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा ने कहा, ₹रियासी आतंकी हमले में एक व्यक्ति को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह मास्टरमाइंड नहीं है, लेकिन उसने हमले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।₹



पुलिस के अनुसार, आरोपी हकीम दीन राजौरी का रहने वाला है और उस पर हमले के लिए आतंकवादियों को रसद मुहैया कराने का आरोप है। 9 जून को शिव खोड़ी से रियासी जिले के कटरा जा रहे तीर्थयात्रियों की बस पर पौनी इलाके के तेरयाथ गांव में आतंकवादी हमला हुआ था, जिसमें नौ लोगों की जान चली गई थी और 33 अन्य घायल हो गए थे। आतंकवादियों ने जंगलों के पीछे छिपकर बस पर कायराना हमला किया था, जिससे ड्राइवर घबरा गया और बस से नियंत्रण हट गया। आतंकियों की फायरिंग के बीच बस खाई में जा गिरी थी।

17 जून को गृह मंत्रालय ने आतंकी हमले का मामला राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दिया था।

# अलीगढ़ में युवक की हत्या के बाद बवाल

- **पथराव, बाजार बंद, छह घंटे तक दोनों समुदाय आमने-सामने**

**अलीगढ़.** अलीगढ़ में एक घर में पकड़े गए युवक की पीट-पीटकर हत्या के बाद बवाल हो गया। युवक के दूसरे समुदाय का होने के कारण दो समुदाय आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में पथराव के बाद बाजार बंद हो गए। करीब छह घंटे तक दोनों समुदाय आमने-सामने रहे और पुलिस प्रशासन के अधिकारी माहौल को शांत करने में लगे रहे। अतिसंवेदनशील सब्जी मंडी चौराहा इस दौरान रण क्षेत्र बना रहा। आरोपी पक्ष के इलाके में लोगों ने घर के बाहर पलायन के पोस्टर भी लगा दिए और जमकर नारेबाजी की। मारे गए फरीद के शव को कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस ने किसी तरह सुपुर्द-ए-खाक कराया। इस दौरान कई मार्गों पर मृतक व पीड़ित पक्ष के लोगों ने जाम लगा दिया। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। पीड़ित पक्ष की मांग थी कि गैर इरादतन हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सड़क से खींचकर गली में ले गए और पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।



शहर के अति व्यस्त रहने वाले मामूभांजा इलाके में मंगलवार देर रात कपड़ा व्यापारी के घर में घुसे युवक को चोर के शक में लोगों ने बुरी तरह पीट दिया। सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही सपा-बसपा के नेता अस्पताल पहुंच गए और देर रात तक जिला अस्पताल में हंगामा चलता रहा। इसी दौरान पिटाई का एक वीडियो वायरल हुआ तो लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही मारे गए युवक मो. फरीद के परिजन सहित स्थानीय लोग काफी तादाद में जिला अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल परिसर में नारेबाजी शुरू हो गई।

### अमेरिकी सांसद भारत में मिले दलाई लामा से

**नई दिल्ली.** कुछ प्रभावशाली अमेरिकी सांसदों के एक दल ने भारत के धर्मशाला में दलाई लामा से मुलाकात की है. चीन ने दलाई लामा को अलगाववादी बताते हुए अमेरिकी सांसदों से उनसे ना मिलने की अपील की थी.सात अमेरिकी सांसदों के इस दल में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों पक्षों के सांसद हैं.

दल की अध्यक्षता माइकल मैककॉल कर रहे हैं, जो टेक्सस से रिपब्लिकन सांसद हैं और अमेरिकी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की विदेशी मामलों की समिति के अध्यक्ष हैं. दल में डेमोक्रेटिक सांसद और हाउस की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी भी हैं.

# कनाडाई संसद में आतंकी निज्जर के लिए मौन रखा गया मौन

- **भारत बोला- कनिष्क प्लेन पर आतंकी हमले की बरसी मनाएंगे**

**कनाडा.** कनाडा की संसद में मंगलवार (18 जून) को खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के एक साल पूरे होने पर उसे श्रद्धांजलि दी गई। इसके लिए संसद में एक मिनट का मौन रखा गया। कनाडाई संसद हाउस ऑफ कॉमन्स में पहले स्पीकर ग्रेग फर्गस ने शोक संदेश पढ़ा और उसके बाद सभी सांसदों से निज्जर के लिए मौन रखने को कहा गया। दरअसल, 18 जून 2023 की शाम को कनाडा के सरे शहर के एक गुरुद्वारे से निकलते समय निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने पिछले साल 18 सितंबर को भारत सरकार पर निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था, जिसे भारत ने खारिज किया था। मामले में एक्शन लेते हुए कनाडा की ट्रूडो सरकार ने भारत के एक सीनियर डिप्लोमैट को देश से निकाल दिया था। इसके बाद से दोनों देशों के बीच विवाद बढ़ता चला गया। हालांकि बाद में ट्रूडो ने कई बार भारत से रिश्ते बनाए रखने की बात कही थी।

कनाडा में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने बताया है कि 23 जून 2024 को एअर इंडिया फ्लाइट 182 (कनिष्क) पर खालिस्तानी आतंकियों के हमले की 39वीं बरसी है, जिसमें 329 मासूम लोगों की जान चली गई थी। वैंकुवर में स्टैनले पार्क में एअर इंडिया मेमोरियल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा।

# किरण चौधरी की भाजपा में एंट्री

**नई दिल्ली.** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल की पुत्रवधू व भिवानी के तोशाम से विधायक किरण चौधरी और उनकी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने कांग्रेस छोड़ दी है। अब दोनों ने भाजपा जॉइन कर ली है। इसके साथ ही हरियाणा की सियासत के तीन लालों की विरासत अब भाजपा के झंडे के नीचे आ गई है। हरियाणा गठन के बाद लंबे समय तक राज करने वाले तीन लालों देवीलाल, बंसीलाल व भजनलाल के इर्द-गिर्द ही सूबे की राजनीति घूमती थी। अब इन परिवारों के लाल अपना राजनीतित भविष्य तराशने के लिए विरासत को छोड़कर नए ठिकाने खोज रहे हैं।



किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी के बीजेपी जॉइन करके के बाद हरियाणा के तीन लालों के वारिस अब भाजपा के झंडे के तले हैं। उनसे पहले भजन लाल के बेटे कुलदीप बिश्नोई और देवीलाल के बेटे रंजीत सिंह चौटाला भाजपा का हिस्सा काफी पहले ही बन चुके थे। यही नहीं चौधरी देवीलाल के पोते अजय सिंह चौटाला और परपोते दुष्यंत चौटाला अपनी पार्टी जन नायक जनता पार्टी के जरिये भाजपा को समर्थन देकर साढ़े चार साल तक हरियाणा की सत्ता में भागीदार भी रहे।

### अब खोला जाएगा पुरी का रत्न भंडार

**पुरी.** पुरी के मशहूर जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार 8 जुलाई या उसके एक दिन बाद खोला जाएगा। इस रत्न भंडार में भगवान जगन्नाथ के आभूषण और अन्य बहुमूल्य वस्तुएं हैं। इस बारे में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों ने जानकारी दी है। एएसआई के पुरी सर्कल के अधीक्षक दिबिषद गडनायक ने बुधवार को कहा कि निरीक्षण 8 जुलाई या उसके अगले दिन कोर कमेटी और तकनीकी समिति के सदस्यों की मौजूदगी में किया जाएगा।

# मोदी जिसे चुनेंगे वही होगा लोकसभा अध्यक्ष

- **सहयोगी दलों का भाजपा को पूर्ण समर्थन**

**नई दिल्ली.** लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव से पहले, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने सत्ताधारी गठबंधन में आम सहमति बनाने की कोशिश कर रही है। बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने अध्यक्ष पद के लिए विभिन्न सहयोगियों से बातचीत की है। बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए के छोटे से छोटे सहयोगियों से भी चर्चा की गई है। बता दें कि भाजपा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सबसे बड़ी पार्टी है।

सीएनएन-न्यूज18 ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि एनडीए गठबंधन के सहयोगियों ने भाजपा द्वारा लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए नामित किए जाने वाले उम्मीदवार को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। एक सूत्र ने बताया, अध्यक्ष पद उम्मीदवार के लिए सहयोगी दलों से सुझाव मांगे गए हैं। हालांकि, अधिकांश सहयोगी दलों ने किसी खास व्यक्ति को प्राथमिकता या पसंद नहीं दी है।



भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को यह बता दिया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए एकजुट बना रहेगा और लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर जो भी फैसला पीएम मोदी लेंगे वह सभी दलों को मान्य होगा। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने गठबंधन सहयोगियों को यह भी बता दिया है कि वे गठबंधन के किसी एक सहयोगी को उपसभापति का पद देने के लिए इच्छुक हैं। हालांकि, विपक्ष भी इस पद के लिए अपना दावा पेश कर सकता है, क्योंकि इसके लिए पर्याप्त संख्याबल उनके पास है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संसद के आगामी सत्र के लिए सदन की रणनीति तैयार करने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों की एक बैठक की अध्यक्षता की। इस सत्र में जहां नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अगले पांच साल के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का दृष्टिकोण देश के सामने रखेंगी।

# भारतीय टीम ने सुपर-8 मैचों के लिए शुरू की तैयारी

**भा**रतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप के सुपर-8 मुकाबलों के लिए तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रैक्टिस सेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की है। खिलाड़ी काफी एक्टिव नजर आए, उन्होंने फील्डिंग ड्रिल्स के साथ-साथ बैटिंग और बॉलिंग की भी प्रैक्टिस की। भारतीय टीम ने ग्रुप स्टेज में तीन मुकाबले जीतकर सुपर-8 तक का सफर तय किया है, भारत का अंतिम लीग मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।

भारतीय टीम ने अपने ग्रुप लीग स्टेज के सभी मुकाबले अमेरिका में खेले थे और अब उसको वेस्टइंडीज में अपने मुकाबले खेलने हैं। बारबाडोस में पहुंचते ही टीम के खिलाड़ी बॉलीवॉल खेलते हुए नजर आए। बीसीसीआई ने उसी का एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें खिलाड़ी बीच वॉलीबॉल खेल रहे थे। भारतीय टीम टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 चरण में अपना पहला मुकाबला अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगी। भारत अगले राउंड में भी जीत का सिलसिला बरकरार रखना चाहेगा। भारत ने लगातार तीन मैच जीते हैं। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराया था। कनाडा के खिलाफ मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था।




टी20 विश्व कप के सुपर-8 चरण में भारतीय टीम तीन मुकाबले खेलेगी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को सुपर 8 के ग्रुप 1 में रखा गया है। भारत 20 जून को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। भारत का दूसरा मुकाबला बांग्लादेश से 22 जून को है और तीसरा मैच भारतीय टीम 24 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने लीग स्टेज के अपने सभी मुकाबले जीते हैं, जबकि अफगानिस्तान ने तीन मैच जीते हैं।

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

# प्रियंका ने जिस NEET अभ्यर्थी की वीडियो शेयर की थी वह निकली फर्जी

**नई दिल्ली.** देशभर में NEET की परीक्षा में गड़बड़ियों को लेकर माहौल गर्म है। इस बीच बीजेपी के नेता शहजाद जय हिंद ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर तीखा हमला बोला है। दरअसल प्रियंका ने कुछ दिनों पहले जिस NEET-UG अभ्यर्थी के वीडियो को समर्थन करते हुए पोस्ट किया था, वह दावा फर्जी साबित हो गया है। फटे हुए OMR आंसर की के दावे को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फर्जी पाया है। कोर्ट ने कहा है कि अभ्यर्थी ने नकली दस्तावेज दिखाए थे। इससे NTA को अभ्यर्थी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की इजाजत भी मिल गई है। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद ने X पर एक पोस्ट में लिखा, ₹क्या प्रियंका वाड्रा पर इस तरह के झूठ को साझा करने और उसे बढ़ावा देने के लिए मामला दर्ज नहीं किया जाना चाहिए? क्या मीडिया उनसे कोई बुनियादी सवाल भी पूछेगा? क्या मीडिया उनसे पूछेगा कि वह इस तरह के झूठ का इस्तेमाल कर अराजकता क्यों फैला रही थीं?₹



गौरतलब है कि लखनऊ की NEET अभ्यर्थी आयुषी पटेल ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि NTA ने उन्हें ईमेल के माध्यम से सूचित किया कि फटी हुई ओएमआर शीट के कारण उनका परिणाम घोषित नहीं किया जाएगा। उन्होंने इस दावे को सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिए शेयर किया। इस वीडियो से NEET-UG 2024 में गड़बड़ी की खबरों के बीच हलचल मच गई।

### शराब घोटाले में आरोपी बिजनेसमैन को HC से राहत

**नई दिल्ली.** दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवार को बिजनेसमैन अमित अरोड़ा को दी गई अंतरिम जमानत की अवधि पांच दिन के लिए और बढ़ा दी। गुरुग्राम स्थित बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अरोड़ा ने अपनी पत्नी के खराब स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने की मांग की थी, क्योंकि हाल ही में उनकी सर्जरी हुई है। अरोड़ा की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सुधीर कुमार जैन ने कहा कि याचिकाकर्ता को 6 जून को यहां की एक निचली अदालत ने दो सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दी थी.

## संक्षेप...

### बार्टी मार्फत अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए जेईई व नीट के आवेदन की अंतिम तारीख 30 जून

**ठाणे.** डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर संशोधन व प्रशिक्षण संस्था (बार्टी) पुणे की ओर से अनुसूचित जाती के विद्यार्थियों के लिए जेईई (JEE) व नीट (NEET) में प्रवेश परीक्षा निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू है. बार्टी मार्फत मुंबई, पुणे, नाशिक, छत्रपती संभाजीनगर, लातूर व नागपूर में जेईई 100,नीट 100 का प्रशिक्षण दिया जायेगा।इसके लिए ऑनलाइन विद्यार्थियों को आवेदन करने के लिए बार्टी के महासंचालक सुनील वारे ने आवाहन किया है। लाभार्थी विद्यार्थियों के पास महाराष्ट्र अनुसूचित जाती व अधिवास प्रमाण पत्र आवश्यक है। इसके अलावा परिवार का सालाना आय 8 लाख के भीतर होना चाहिए।

यदि विद्यार्थी अपंग है तो 40 प्रतिशत से अधिक का प्रमाण पत्र जोड़े। जेईई (JEE) व नीट (NEET) प्रवेश परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के लिए महिला 30 प्रतिशत,अपंग 5 प्रतिशत,अनाथ 1 प्रतिशत जगह के लिए आरक्षित किया गया है।प्रशिक्षण का समय 24 महीने का है।प्रशिक्षण के दौरान 75 प्रतिशत से अधिक उपस्थित रहने वाले विद्यार्थी को 6000 महीना विद्यावेतन दिया जायेगा। https://jee-neet.barti.co.in/public / इस लिंक पर ऑनलाइन आवेदन करने के लिए महासंचालक सुनील वारे ने आवाहन किया है।

# देवेंद्र फडणवीस नहीं देंगे इस्तीफा

## भाजपा ने थमाया महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का भी टास्क



**मुंबई.** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने देवेंद्र फडणवीस से अपने पद पर बने रहने और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में संगठन के लिए काम करने का आग्रह किया है। इसके साथ ही उनके इस्तीफे की पेशकश पर अटकलों का अंत हो गया है। मंगलवार को दिल्ली में कोर कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। भाजपा सूत्र का कहना है कि, ₹भाजपा के शीर्ष नेताओं ने एक बार फिर फडणवीस को सरकार में बने रहने के लिए कहा है। अपने सरकारी कर्तव्यों के साथ-साथ उन्हें पार्टी के लिए संगठनात्मक कार्य करने के लिए कहा गया है।"

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक में लोकसभा चुनाव परिणामों की समीक्षा की गई। भाजपा ने विफलता के पीछे स्थानीय कारणों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान यह मुद्दा भी सामने आया कि पार्टी को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के साथ अपने गठबंधन से चुनावी लाभ नहीं हुआ। भाजपा नेताओं ने कहा कि गठबंधन का वोट शेयर भाजपा उम्मीदवारों को ट्रांसफर नहीं हुए। हालांकि, भाजपा के वोट शेयर ने शिंदे और पवार दोनों की मदद की है।

महाराष्ट्र में सत्ता में होने के बावजूद भाजपा का और गठबंधन का प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा है। ऐसे में चार माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की चिंताएं बढ़ी हुई हैं। पार्टी ने राज्य में अपने पुराने गढ़ विदर्भ को फिर से मजबूत करने और अन्य क्षेत्रों में भी कमजोरी को दूर करने पर विचार किया है। साथ ही गठबंधन को लेकर पुनर्विचार की जरूरत भी बताई गई है।

हाल के लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने दम पर स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं कर सकी है। जिन राज्यों में पार्टी को बड़ा झटका लगा है, उन में महाराष्ट्र भी शामिल है। यहां की 48 सीटों में से भाजपा को मात्र नौ सीटें ही मिली हैं, जबकि उसके सहयोगी दलों को आठ सीटें मिली हैं। भाजपा पर विपक्षी गठबंधन बहुत भारी पड़ा है और विधानसभा चुनाव को लेकर भी स्थितियां बहुत अनुकूल नहीं दिख रही हैं। बैठक के बाद देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र की कोर टीम ने केंद्रीय नेतृत्व के साथ बैठक की। परिणाम पर विस्तार से चर्चा की। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि महाराष्ट्र में कोई बदलाव नहीं होगा।

भाजपा में महाराष्ट्र को लेकर सबसे ज्यादा चिंता इसलिए है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में मोदी फैक्टर के साथ उसके नए बने गठबंधन ने भी पूरी तरह काम नहीं किया है। पार्टी को लोकसभा चुनाव में भारी नुकसान हुआ है। पिछले चुनाव में जहां उसने 23 सीटें जीती थी, वहां पर उसे इस बार केवल 9 सीटों से ही संतोष करना पड़ा है। उसका गठबंधन भी कमजोर पड़ा है और शिवसेना (शिंदे) को सात एवं राकांपा (अजित पवार) को एक सीट मिली है। यानी राज्य की 48 सीटों में केवल 17 सीटें ही राजग के खाते में आई हैं। ऐसे में विपक्षी खेमे के हौसले बुलंद हैं। वह विधानसभा चुनाव के लिए मजबूती से ताल ठोक रहा है।

# कल्याण में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगे 94 लाख

- अब पुलिस कर रही मामले की जांच
- पुलिस कर रही मामले की जांच



**कल्याण.** कल्याण में रहने वाला एक 48 वर्षीय व्यक्ति शेयर ट्रेडिंग घोटाले का शिकार हो गया। शेयर ट्रेडिंग घोटाले में व्यक्ति के 94 लाख रुपये ठग लिए गए। इस घटना की जानकारी एक अधिकारी ने बुधवार को दी। मिली जानकारी के अनुसार, कल्याण इलाके के इस व्यक्ति के साथ 9 अप्रैल से 21 मई के बीच धोखाधड़ी की गई। अपनी शिकायत में व्यक्ति ने कहा कि उसे 'द वैल्यू टीम ए 13' नाम का एक व्हाट्सएप ग्रुप मिला, जहां कई सदस्य खुद को विशेषज्ञ बता रहे थे और शेयर बाजार के जरिए पैसा बनाने के टिप्स दे रहे थे।

पुलिस ने कहा कि 'विशेषज्ञों' ने शिकायतकर्ता को उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए लिंक और एप्लिकेशन का उपयोग करके निवेश करने के लिए प्रेरित किया। व्यक्ति ने कुल 93.6 लाख रुपए निवेश किए, लेकिन उसे कोई पैसा नहीं मिला। जब उसे एहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है, तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर ने कहा, हमने मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, हमारी टीमें सबूत इकट्ठा करने और आरोपियों का पता लगाने के लिए काम कर रही हैं।

# महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ेगी एनडीए?

**मुंबई.** लोकसभा चुनाव 2024 के बाद महाराष्ट्र की सियासत एक बार फिर से दिलचस्प हो गई है। इस साल के आखिर में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का आयोजन किया जा सता है जिसपर सभी दलों की नजर है। हालांकि, चुनाव से पहले इस बात पर जरूर चर्चा शुरू हो गई है कि MVA या महायुति/NDA की ओर से चुनाव में सीएम पद का चेहरा कौन होगा। इस बीच सीएम पद के चेहरे को लेकर महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कुछ ऐसी बात कही है जिससे नई अटकलें लगनी शुरू हो गई है।





महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंदशेखर बावनकुले ने बुधवार को बताया है कि विधानसभा चुनाव में महायुति का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार किसे बनाया जाए, इस बारे में अब तक कोई फैसला नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सीएम के चेहरे को लेकर फैसला भारतीय जनता पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व और गठबंधन के सहयोगी दल करेंगे।

मंगलवार को दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के साथ महाराष्ट्र भाजपे के नेताओं की अहम बैठक हुई थी। इस बैठक में भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की महायुति के कमजोर प्रदर्शन पर बात हुई। आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव में महायुति को महाराष्ट्र की 48 में से 17 सीट पर ही जीत मिली है। वहीं, कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) के एमवीए गठबंधन ने 30 सीट पर जीत हासिल की है।

### मॉनसून सत्र 27 से

दूसरी ओर महाराष्ट्र में विधानसभा का मॉनसून सत्र 27 जून को शुरू होगा। उससे पहले महाराष्ट्र में मंत्रीमंडल का विस्तार भी संभव है। अक्टूबर में होनेवाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार का ये आखिरी सत्र होगा। देवेंद्र फडणवीस को बीजेपी के आला नेताओं ने सरकार में रहकर पार्टी के लिए काम करने का आदेश दिया है।

# जिप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पद पर रोहन घुगे की नियुक्ति

**ठाणे.** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पदभार रोहन घुगे ने आज संभाला।पिछले तीन महीने से यह पद प्रकल्प संचालक छायादेवी शिसोदे के पास था।प्रकल्प संचालक छायादेवी शिसोदे, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. रुपाली सातपुते ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया इस अवसर पर सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।इसके पहले रोहन घुगे वर्धा में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर कार्यरत थे।साल 2018 बैच के आयएएस अधिकारी है और देश के नामचीन स्कॉच पुरस्कार मिला है।वर्धा जिला में कुपोषण, शिक्षण, कृषि, पशु, स्वास्थ्य आदि विषयों पर कुशल कामकाज किया है।वर्धा जिला राज्य में पहला पीएम विश्वकर्मा योजना लाने के लिए विशेष प्रयास घुगे ने किया था।पदभार संभालते ही घुगे ने सभी विभाग के अधिकारियों से कामकाज का लेखाजोखा लिया।इस अवसर पर उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सा. प्र) अविनाश फडतरे, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्रामपंचायत) प्रमोद काले, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (पा.पु. व स्व) प्रदिप कुलकर्णी, लेखा व वित्त अधिकारी वैजनाथ बुरडकर, कार्यकारी अभियंता संदिप चव्हाण, शिक्षणाधिकारी माध्यमिक ललिता दहितुले, शिक्षणाधिकारी प्राथमिक बालासाहेब राक्षे, महिला व बालविकास विभाग प्रमुख संजय बागुल, कृषी विकास अधिकारी रामेश्वर पाचे,जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर परगे आदि उपस्थित थे।



# अजंता कंपाउंड में जर्जर इमारत गिरी

- कोई हताहत नहीं

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा प्रभाग समिति 4 अंतर्गत अजंता कपड़ा डाइंग के पीछे जर्जर इमारत अचानक भरभरा कर नीचे बैठ गई. हादसे में कोई जनहानि नहीं होने से लोगों ने राहत की सांस ली. सुबह से शुरू रिमझिम बारिश के दरमियान धामनकर नाका अजंता कपड़ा डाइंग के पीछे स्थित एक जर्जर 2 मंजिला इमारत जिसे मनपा द्वारा कुछ माह पूर्व कराया गया था. रहिवासियों से पूर्णतया खाली इमारत को इमारत मालिक खुद तोड़ रहा था. इमारत के ऊपरी भाग में जमा हुए मलबे का लोड नहीं सह पाने की वजह से इमारत भरभरा कर नीचे बैठ गई. इमारत में कोई मौजूद नहीं होने से हादसा टल गया.इमारत गिरने पर मौके पर पहुंची मनपा आपातकालीन टीम एवं क्षेत्रीय प्रभाग अधिकारी सुनील भोईर ने घटनास्थल का जायजा लिया और मलबे की सफाई करने के निर्देश दिए. क्षेत्रीय प्रभाग अधिकारी सुनील भोईर ने बताया कि,जर्जर इमारत की बिजली,पानी खंडित कर खाली कर दिया गया था. इमारत मालिक इमारत को अपनी सहूलियत के हिसाब से तोड़ रहा था जो भरभरा कर नीचे बैठ गई. इमारत मालिक के मनमानी पूर्ण कार्य पर नोटिस दी जाएगी और मनपा प्रशासन के आदेश के अनुसार कार्रवाई की जएगी.



## गायत्री परिवार का 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन

**ठाणे.** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया. ठाणे पश्चिम के रघुनाथ नगर संकल्प प्रतिष्ठान ग्राउंड में कार्यक्रम की शुरुआत शांतिकुंज, हरिद्वार के विशेष प्रतिनिधि यज्ञ आचार्य योगिराज बल्कि ने की. उन्होंने कहा कि 16 जून को गायत्री जयंती थी. ऐसा माना जाता है कि आदि शक्ति माता गायत्री इस दिन पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं. पृथ्वी पर पानी की व्यवस्था के लिए राजा भागीरथ ने हजारों वर्षों तक तपस्या करके मां गंगा को धरती पर लाने का प्रयास किया. विशेष अतिथि विधायक रविंद्र फाटक ने दीप जलाने के बाद अपने विचार रखे.उन्होंने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा देश में सनातन संस्कृति को जीवित करने तथा जन जन तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है. पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पौधों का रोपण, सफाई अभियान,नारी जागरण,कन्या कौशल अभियान और बच्चों में अच्छे विचार लाने के लिए बाल संस्कार शाला आदि कार्यक्रम का संचलन गायत्री परिवार द्वारा हो रहा है.

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन.

# 10 महिलाओं सहित 114 लोगों ने किया रक्तदान

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** हिंदवी साम्राज्य दिवस के उपलक्ष में भिवंडी के मानसरोवर इलाके में सोमवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व रा स्व संघ जनकल्याण समिति द्वारा सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में कुल 114 लोगों ने रक्तदान किया, जिसमें 104 पुरुष व 10 महिलाएं शामिल थी.

मानसरोवर के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे के बीच भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया.वरालदेवी नगर संघ चालक बलराज डोडी, केशव प्रभात( शाखा कार्यवाहक) अणदाराम देवासी, बजरंग चौधरी, राजेश चौधरी, कन्हैयालाल अग्रवाल, गजानंद अग्रवाल की सहयोग से आयोजित उक्त शिविर में कुल 114 लोगो ने रक्तदान किया.ठाणे स्थित कै वामनराव ओक रक्त केंद्र द्वारा रक्त संकलन किया गया. डॉक्टर सहित 10 लोगो की टीम ने रक्तदान के लिए आने वाले लोगो के स्वास्थ्य की जांच के बाद रक्तदान कराया गया.राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि, हिंदवी साम्राज्य दिवस के अवसर पर उक्त शिविर पिछले 15 वर्षो से लगातार आयोजित हो रहा है जिसमे लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते है.इस वर्ष भी बड़ी संख्या में लोगो ने आगे आकर रक्तदान किया.पूर्व नगरसेवक श्याम अग्रवाल के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में एस पी सिंह, दिनेश जोशी, मंगलेश शर्मा सहित मानसरोवर वासियों का पूरा सहयोग प्राप्त रहा. रक्तदान के लिए आने वालों को नाशता व भोजन की व्यवस्था की गई थी.



# श्रद्धा कपूर ने राहुल के साथ कन्फर्म किया रिलेशनशिप

एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। राइटर राहुल मोदी के साथ उनका नाम लंबे समय से जुड़ रहा है। कभी भी दोनों ने अपने रिलेशनशिप पर खुलकर बात नहीं की। लेकिन एक्ट्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट को देखकर लगता है कि उन्होंने राहुल मोदी के साथ अपने रिलेशनशिप को कन्फर्म कर दिया है। श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर राहुल मोदी के साथ एक सेल्फी पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा है। एक्ट्रेस ने लिखा है- दिल रख ले...नींद तो वापस दे दे यार। बता दें कि यह पहला मौका जब एक्ट्रेस ने राहुल मोदी के लिए ऑफिशियल पोस्ट शेयर किया है।

काफी लंबे समय से दोनों के अफेयर की खबरों ने सुर्खियां बटोरीं। दोनों को कई मौकों पर एक साथ देखा गया। दोनों को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन के लिए जामनगर जाते समय मुंबई एयरपोर्ट पर साथ देखा गया था। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इनकी फैमिली भी इनके रिश्ते से राजी हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो श्रद्धा और राहुल की मुलाकात फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' के दौरान हुई थी। राहुल इस फिल्म में राइटर के तौर पर जुड़े थे। फिल्म की शूटिंग के दौरान से ही इनका बॉन्ड स्ट्रॉन्ग हो गया है। फिल्म की शूटिंग पूरी होते- होते दोनों एक-दूसरे के साथ कम्फर्टेबल हो गए थे।



# संत निरंकारी मिशन द्वारा 21 जून को देशभर में योग दिवस का आयोजन

## मुंबई महानगर परिक्षेत्र में करीब 50 स्थानों पर आयोजन

**मुंबई.** संत निरंकारी मिशन द्वारा 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर शुक्रवार, 21 जून को संपूर्ण भारतवर्ष में स्थापित संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में प्रातः 6.00 बजे से स्थानीय योग प्रशिक्षकों के निर्देशन द्वारा खुले स्थानों एवं पार्को में योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया जायेगा। इसी के अंतर्गत मुंबई महानगर परिक्षेत्र में करीब 50 स्थानों पर योग दिवस कार्यक्रमों का आयोजन

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस वर्ष 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' का विषय 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' दिया गया है जो निसंदेह आज के समय की मांग है। संत निरंकारी मिशन भी समय-समय पर महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित कर उन्हें सक्षम बनाने में प्रयासरत है जिसमें मुख्यतः सिलाई एवं कढ़ाई सेंटर, ब्यूटीशियन कोर्स, टयूशन सेंटर इत्यादि प्रमुख है।




संत निरंकारी मण्डल के समाज कल्याण प्रभारी आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी दी कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउन्डेशन द्वारा 'योग दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। इसी श्रृंखला के अंतर्गत इस वर्ष भी 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' कार्यक्रम का विशाल रूप में आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग हर प्रांत के शहरों में उत्साहपूर्वक किया जायेगा। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने भी अपने विचारों में 'स्वस्थ मन सहज जीवन' अपनाने का दिव्य मार्गदर्शन देते हुए यही समझाया है कि हमें अपने शरीर को निरंकार प्रभु की अमोलक देन समझते हुए उसे स्वस्थ एवं सेहतमंद बनाए रखना है। अतः ऐसे स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल यही है कि इस भागदौड़ भरी जिदंगी में अपनी सेहत पर और ध्यान देते हुए उसे बेहतर एवं उत्तम बनाते हुए एक स्वस्थ जीवन जीना है।

# फेरीवाले व बाइक सवार में मारपीट

- कल्याण के शिवाजी चौक परिसर की घटना

**कल्याण.** कल्याण स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर बुधवार को गाड़ी में कट लग जाने को लेकर एक फेरीवाले और दोपहिया वाहन चालक के बीच तगड़ी हाथापाई की घटना घटी है। इस घटना के कारण करीब एक घंटे तक यहां ट्रैफिक जाम लगा रहा और वाहन चालकों व ट्रैफिक पुलिस ने हस्तक्षेप कर विवाद को सुलझाया. इन दोनों को महात्मा फुले पुलिस को सौंप दिया गया है.



## आम सूचना

मैं श्रीमती शोभा कुमारलाल देवानी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 404, चौथा माला, ए-विंग, रतन गार्डन, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 11बीआय007515700)। उक्त प्रॉपर्टी श्री कुमार टोपनलाल देवानी व श्रीमती कशिश गुलशन देवानी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 12.6.2024 सी.नं. 9 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती शोभा कुमारलाल देवानी**

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर Since 1985
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
उल्हास वि NEWS ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099